## राजकीय महाविद्यालय पाटी चंपावत में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

पाटी (चंपावत), अप्रैल 2025 – राजकीय महाविद्यालय पाटी चंपावत में सत्र 2024 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत उत्साह और जोश के साथ किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय परिसर में आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार पांडे स्वयं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। खेलकूद प्रतियोगिता के संयोजक की भूमिका में डॉ. के.के. मिश्रा ने आयोजन को कुशलता पूर्वक संचालित किया।

प्रतियोगिता की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके बाद डॉ. राकेश कुमार पांडे ने खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को खेलों में सहभागिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि "खेल न केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम हैं, बल्कि ये अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। खेलों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है और वे जीवन की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनते हैं।"

इस वार्षिक खेल महोत्सव में छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 दौड़ ,चक्का फेंक, गोला फेंक , लंबी कूद, रोचक स्पर्धाएं शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने कौशल और समर्पण का परिचय दिया। दौड़ प्रतियोगिताएं मैदान पर रोमांच का केंद्र रहीं, जहां हर प्रतिभागी ने अपनी पूरी शक्ति और ऊर्जा झोंक दी।

100 मीटर दौड़:

इस प्रतियोगिता में छात्रों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। छात्र  वर्ग में प्रथम स्थान नरेंद्र सिंह, द्वितीय कमल , तृतीय कपिल जोशी ने प्राप्त किया, जबकि  छात्रा वर्ग में

प्रथम निकिता मेहता, द्वितीय अनुषिका तृतीय निर्मला ने  स्थान प्राप्त किया।  खिलाड़ियों ने अपनी गति और तकनीक से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

200 मीटर दौड़:

यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए न केवल शारीरिक सहनशक्ति की परीक्षा थी, बल्कि मानसिक दृढ़ता का भी प्रतीक बनी। इस दौड़ में छात्रों ने अंत तक जीत के लिए संघर्ष किया। छात्र वर्ग श्रेणी में प्रथम सचिन कुमार, द्वितीय कमल तृतीय कमल पचोली विजेता बने, वहीं छात्रा वर्ग में निकिता मेहता प्रथम  स्थान, द्वितीय ललिता, तृतीय दीपिका लड़वाल हासिल किया।

400 मीटर दौड़

छात्र वर्ग में नरेंद्र सिंह प्रथम, गौरव मेहता द्वितीय, निखिल तृतीय स्थान पर रहे

छात्रा वर्ग में बबिता तिवारी प्रथम, पूजा द्वितीय, ललिता तृतीय स्थान पर रही

लंबी कूद में छात्र वर्ग में सचिन कुमार प्रथम स्थान, कमल द्वितीय स्थान, निखिल तृतीय स्थान पर रहे छात्रा वर्ग में निकिता मेहता प्रथम , पलक पचौली , हिमानी तृतीय स्थान पर रही।

गोला फेक

छात्र वर्ग में गौरव प्रथम, पृथ्वी मेहता द्वितीय, मनीष चंद्र जोशी तृतीय स्थान पर रहे

छात्रा वर्ग में कविता वोहरा प्रथम, निकिता मेहता द्वितीय निर्मला तृतीय स्थान पर रहे।

बाल थ्रो में

नरेंद्र सिंह प्रथम स्थान पर रहे

इन स्पर्धाओं में छात्रों ने न केवल ताकत बल्कि तकनीक का भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। इन प्रतिभागियों ने दर्शाया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर के खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम हैं।

डॉ धर्म वीर सिंह, कु० सपना, शकुंतला बोहरा ,रुचि,श्री गिरेन्द्र सिंह,चारु चंद्र जोशी ने प्रतियोगिता के सभी निर्णयों का  निष्पक्ष और विशेषज्ञता के साथ मूल्यांकन करने की



ज़िम्मेदारी  निभाई। उनके अनुभव और निष्पक्षता के कारण प्रतियोगिता के सभी परिणामों को सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। उनके साथ आयोजन के संचालन में सभी की सक्रिय उपस्थिति और सहयोग भी अत्यंत सराहनीय रहा।

इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एक उत्सव का माहौल रहा। छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं कर्मचारी सभी ने आयोजन में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेल मैदान पर दर्शकों की तालियों और जयकारों ने खिलाड़ियों का उत्साह दुगुना कर दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. राकेश कुमार पांडे ने समापन भाषण में विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि "आज के प्रतियोगी कल के चैंपियन होते हैं। आवश्यकता है निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास

की।" उन्होंने महाविद्यालय स्तर पर खेल अधोसंरचना के विकास हेतु प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागी छात्रों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिससे उनमें आगामी वर्षों में और बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिले।

यह वार्षिक खेल प्रतियोगिता महाविद्यालय में न केवल एक खेल आयोजन थी, बल्कि यह छात्रों के भीतर छिपे हुनर, आत्मबल, और सहयोग की भावना को उजागर करने का अवसर भी बनी। आयोजकों ने इसे सफलतापूर्वक संपन्न कर यह प्रमाणित कर दिया कि सीमित संसाधनों में भी उत्कृष्ट आयोजन संभव है। समस्त प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं देखरेख क्रीड़ा प्रभारी डॉक्टर के के मिश्रा के निर्देशन में संपन्न किया गया।

उक्त प्रतियोगिता में महाविद्यालय परिवार श्री भगवती , श्री जीवन राम,श्री राहुल सिंह मेहता, श्री लक्ष्मण सिंह बिष्ट और श्री राकेश सिंह फर्त्याल जल संस्थान के उपस्थित रहे।


महाविद्यालय पाटी
वार्षिक क्रीड़ा
प्रतियोगिता




महाविद्यालय पाटी
वार्षिक क्रीड़ा
प्रतियोगिता
में आपका हार्दिक स्वागत है।


वार्षिक क्रीड़ा





